सुविचार



अर्जित की गई सफलता से बंध कर न रहें, चार कदम आगे बढ़कर दूसरों के लिये अपने पैरों के निशान छोड़ जाइये। - संत प्रवर चंद्रप्रभ

# अमृत विचार

## बरेली महानगर

www.amritvichar.com

बरेली, गुरुवार, 7 मई 2026



**बरेली के प्रमुख समाचार**

- दरभंगा से पंजाब ले जाए जा रहे 10 किशोरों को किया रेस्क्यू -II
- समय पर चुनाव कराओ या प्रधानों को प्रशासक बनाओ -III
- युवाओं को राष्ट्र के निर्माण में भागीदारी के लिए किया प्रेरित -IV


## सिटी ब्रीफ

### सर्दी, खांसी, जुकाम व बुखार के मरीज बढ़े

**बरेली, अमृत विचार :** बदलते मौसम का असर लोगों की सेहत पर दिखने लगा है। तापमान में लगातार उतार-चढ़ाव के चलते जिला अस्पताल में सर्दी, खांसी, जुकाम व बुखार के रोगियों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। बुधवार को पर्चा से लेकर दवा काउंटर तक मरीजों की भीड़ दिखी। पिछले कुछ दिनों में ओपीडी में करीब 20-30 प्रतिशत मरीजों का इजाफा हुआ है। एडीएसआईसी डॉ. रमेश चंद्र दीक्षित ने अस्पताल में जरूरी दवाइयों और संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं, ताकि मरीजों को किसी तरह की परेशानी न हो।

### बिजली मीटर ट्रांसफर कराने का आरोप

**बरेली, अमृत विचार :** दुर्गा नगर निवासी मदन लाल शर्मा ने बिजली निगम पर गंभीर आरोप लगाते हुए एक शिकायती पत्र मुख्यमंत्री को भेजा है। उनका कहना है कि उनके घर में लगा बिजली मीटर उनकी दिवंगत पत्नी विद्यावती के नाम पर था। उसे विभागीय मिलीभगत से धोखाधड़ी कर उनके छोटे बेटे की पत्नी के नाम स्थानांतरित कर दिया गया। मीटर का नामांतरण उनकी या बड़े पुत्र की सहमति और शपथ पत्र के बिना किया गया। वे नियमित रूप से बिजली बिल का भुगतान करते आ रहे हैं। उन्होंने दोषी व्यक्तियों और विभागीय कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## शहर में आज

- पंजाबी महासभा की ओर से मेधावी छात्र सम्मान समारोह होटल गाला गैलेक्सी राजेन्द्र नगर में दोपहर 2:30 बजे।
- बरेली कॉलेज में विश्वविद्यालय की परीक्षा सुबह 8 से 11, 12 से 2 व 3 से 5 बजे तक।
- बरेली बार एसोसिएशन के सदस्य अन्तरिक्ष सक्सेना का मांगों को लेकर धरना बड़ा वकालत खाना पर दोपहर 1:30 से 2:30 तक।

# आज बारिश की संभावना कल से फिर सताएगी गर्मी



धूप से बचाव को बाइक पर बच्चे को ढक कर ले जाती महिला। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचारः** मौसम में आए हालिया बदलाव के बाद अब दिन और रात के तापमान में तेजी से इजाफा होने वाला है। बुधवार को दिन भर निकली तेज धूप के कारण अधिकतम तापमान 33.1 डिग्री और न्यूनतम तापमान 20.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जिससे गर्मी का असर साफ महसूस हुआ। मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ विज्ञानी अतुल कुमार के अनुसार, सात मई को बरेली और आसपास के इलाकों में हल्की बारिश की संभावना बनी हुई है। हालांकि, यह राहत क्षणिक होगी क्योंकि आठ मई से मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल जाएगा। आसमान साफ होते ही तापमान में बढ़ोत्तरी होगी।

## स्कूली बच्चों की रफ्तार...खतरा ही खतरा





नए सत्र में स्कूल-कॉलेज खुल गए। बच्चे स्कूल जाने लगे। सड़कों को रेसिंग ट्रैक समझ बिना हेलमेट, ट्रिपलिंग और कान में ईयरफोन लगाए तेज रफ्तार से फर्राटा भरते स्कूली बच्चे अपनी और दूसरों की जान जोखिम में डाल रहे हैं। अभिभावकों ने ये सोचे बिना बच्चों को बाइक और स्कूटी की चाबियां थमा दीं कि उनके बच्चों की रफ्तार दुर्घटना का कारण बन सकती है। ● फोटो और विवरण- **मोहित कुमार सिंह।**

# निगम की वेबसाइट हैक, ऑनलाइन सेवाएं ठप

## हाउस टैक्स से टेंडर तक सब लॉक, तीन दिन प्रभावित रहीं सेवाएं, देर रात वेबसाइट हुई सुचारू

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** नगर निगम की तकनीकी सुरक्षा व्यवस्था में बड़ी सेंधमारी करते हुए हैकर्स ने ऑनलाइन सेवाओं को पूरी तरह ठप कर दिया है। हैकर्स ने निगम के मुख्य सर्वर 'सी-पैनल' व 'डब्ल्यूएचएम' (वेब होस्ट मैनेजर) को निशाना बनाया है, जिससे टैक्स बिलिंग, पेटीएम के जरिए होने वाले भुगतान और ई-टेंडर की प्रक्रिया बाधित हो गई है। यह वेबसाइट अमेरिकन होस्टिंग कंपनी 'ब्लू होस्ट' पर संचालित हो रही थी। वायरस अटैक की जानकारी मिलते ही निगम प्रशासन में हड़कंप मच गया है। सोमवार दोपहर को कुछ समय के लिए साइट संचालित हुई थी, लेकिन तकनीकी खराबी के कारण दोबारा बंद हो गई। देर रात वेबसाइट सुचारू हुई।



टैक्स से जुड़े बिलों को ऑफलाइन देखते कर्मचारी। ● अमृत विचार

वेबसाइट ठप होने के कारण नगर निगम को वित्तीय नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। आंकड़ों के मुताबिक, जिले के हजारों नागरिक प्रतिदिन औसतन एक करोड़ रुपये से अधिक का टैक्स भुगतान ऑनलाइन माध्यमों से करते हैं। वेबसाइट तीन दिनों से बंद है, जिसके चलते अब तक लगभग तीन करोड़ रुपये के राजस्व का नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है। टैक्स जमा न कर पाने के कारण न केवल आम जनता परेशान है, बल्कि अधिकारी भी राजस्व की हानि और लंबित ई-टेंडर्स को लेकर चिंता में हैं। बिलिंग सेवा ठप होने से गृहकर और जलकर जैसे महत्वपूर्ण संग्रह कार्य पूरी तरह रुक गए हैं। जिससे हड़कंप मचा हुआ है। तकनीकी जानकारों के अनुसार हैकर्स ने नगर निगम की वेबसाइट से जुड़ी एजेंसी के सी-पैनल और डब्ल्यूएचएम को निशाना बनाया है। जिस पर वायरस अटैक होने से पूरा सिस्टम डाउन हो गया। विशेषज्ञों की टीम लगातार सर्वर और डेटा को सुरक्षित करने में लगी है। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी पीके द्विवेदी ने बताया कि देर शाम उनकी टीम की मेहनत रंग लाई और टैक्स की वेबसाइट चालू हो गई।

### म्यूटेशन की फाइलें भी फ्रीज

टैक्स विभाग के कर्मचारी बताते हैं कि नगर निगम के ऑनलाइन सिस्टम पर वायरस का हमला किसी बड़े झटके से कम नहीं है। इस तकनीकी सेंधमारी ने निगम की तिजोरी पर सीधा वार किया है, जिससे ऑनलाइन टैक्स बिलिंग पूरी तरह ठप हो गई है। भुगतान के लिए पेटीएम सेवा से लेकर म्यूटेशन की फाइलें भी सिस्टम के साथ ही फ्रीज हो गई हैं। नए आवेदनों के लिए लोग पोर्टल खोल रहे हैं, लेकिन वहां केवल सर्वर एरर का सन्नाटा है।

- अमेरिकन होस्टिंग कंपनी पर चल रही साइट, सी-पैनल व डब्ल्यूएचएम को बनाया निशाना
- भारी राजस्व नुकसान होने का अनुमान, लोग नगर निगम के काटते रहे चक्कर

# 'यूथ अड्डा' पर युवाओं को मिलेगा स्टार्टअप का मंच

कार्यालय सवांददात, बरेली

- प्रशिक्षण, मेंटरशिप और योजनाओं की जानकारी एक ही स्थान पर उपलब्ध होगी

**अमृत विचारः** युवाओं को स्वरोजगार और स्टार्टअप की ओर प्रेरित करने के लिए मंडल स्तर पर 'यूथ अड्डा' बनाने की तैयारी है। संयुक्त आयुक्त उद्योग बरेली मंडल विकास यादव के अनुसार इस पहल का मकसद युवाओं को एक ऐसा साझा प्लेटफॉर्म देना है, जहां वे अपने विचारों को विकसित कर सकें और उन्हें व्यवसाय का रूप दे सकें।

'यूथ अड्डा' के माध्यम से युवाओं को स्टार्टअप, डिजिटल स्किल, मार्केटिंग, फाइनेंस और इनोवेशन से जुड़े विषयों पर नियमित वर्कशॉप व प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही अनुभवी उद्योगपति और विशेषज्ञ युवाओं को मेंटरशिप देंगे, जिससे वे अपने आइडिया को व्यवहारिक रूप में बदल सकें। संयुक्त आयुक्त ने बताया कि इस केंद्र पर युवाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं, ऋण सुविधाओं और सब्सिडी से जुड़ी जानकारी भी एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही नेटवर्किंग के अवसर भी मिलेंगे, जिससे युवा आपस में सहयोग कर सकेंगे और अपने कारोबार को आगे बढ़ा सकेंगे। उन्होंने कहा कि 'यूथ अड्डा' के जरिए न सिर्फ युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे, बल्कि प्रदेश में उद्यमिता को भी बढ़ावा मिलेगा और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को मजबूती मिलेगी।

# समस्याओं पर अफसरों की चुप्पी से भड़के पूर्व मंत्री भगवत सरन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- प्रेस कांफ्रेंस में बोले, आठ मई को गांधी प्रतिमा पर धरना देकर मंडलायुक्त को देंगे ज्ञापन
- पिछले महीने नवाबगंज क्षेत्र की 16 सूत्रीय समस्याओं को लेकर सौंपा था ज्ञापन

**अमृत विचारः** समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता और पूर्व मंत्री भगवत सरन गंगवार ने प्रशासन की कार्यशैली और किसानों की समस्याओं के प्रति उदासीनता पर गहरा रोष व्यक्त किया है। कहा कि जनता की समस्याओं पर चुप्पी साधे अधिकारियों का अहंकार अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पूर्व मंत्री ने एलान किया कि 8 मई को वह समर्थकों के साथ चौकी चौराहा स्थित गांधी प्रतिमा पर एक घंटे का सांकेतिक धरना देकर विरोध दर्ज कराएंगे। इसके बाद कमिश्नर को मांगों का पत्र सौंपेंगे।

पूर्व मंत्री ने बताया कि पिछले महीने उन्होंने नवाबगंज क्षेत्र की गंभीर समस्याओं को लेकर 16 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा था, जिसमें गन्ना किसानों का बकाया भुगतान, पशुओं का आतंक और गेहूं क्रय केंद्रों की बदहाली जैसे मुद्दे शामिल थे। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन देने के बावजूद प्रशासन ने कार्रवाई नहीं की। भगवत सरन ने कहा,



आठ मई के सांकेतिक धरने के बाद भी प्रशासन का रवैया नहीं बदला, तो आंदोलन अनिश्चितकालीन सत्याग्रह में बदल जाएगा। विशेष रूप से गन्ना भुगतान पर बोलते हुए पूर्व मंत्री ने कहा कि ओसवाल और बहेड़ी चीनी मिलों पर किसानों का 200 करोड़ से अधिक का बकाया है। आरसी जारी होने के बाद भी वसूली की प्रक्रिया सुस्त है। उन्होंने मांग की कि मिलों की संपत्ति कुर्क कर तत्काल भुगतान कराया जाए ताकि किसान अपनी बेटियों की शादी और अन्य घरेलू जरूरतों के लिए ऊंचे ब्याज पर कर्ज लेने के चक्रव्यूह से बच सकें। चेतावनी दी प्रशासन इसे केवल एक चेतावनी न समझें, बल्कि पीड़ित जनता के सब्र का बांध टूटना मानें।

# चेतावनी : जब तक कनेक्शन नहीं तब तक आगे नहीं खुदेगी सड़क

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** शहर के वार्ड 23 इंदिरा नगर में 24 घंटे जलापूर्ति सुनिश्चित करने के मार्ग में आ रही बाधाओं को दूर करने के लिए पार्षद सतीश चंद्र कातिब की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें जल निगम, नगर निगम और स्थानीय लोगों के बीच लंबी चर्चा हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि अब तक जितनी खोदाई हो चुकी है, उसके आगे नया कार्य तब तक शुरू नहीं होगा, जब तक पुराने हिस्से में घर-घर निशुल्क कनेक्शन और मीटर लगाने का काम पूरा नहीं हो जाता।

अधिकारियों ने बताया कि योजना के तहत झूलेलाल पार्क और के-सुपरमार्केट पार्क में दो ट्यूबवेल बनकर तैयार हैं, जिनकी 550 फुट गहरी बोरिंग से शुद्ध पानी मिलेगा। बैठक में तय हुआ कि जिस मानक की सड़क काटी गई है, कंपनी को उसी गुणवत्ता के साथ उसकी मरम्मत अपने खर्च पर करनी होगी। जल निगम और नगर निगम की टीमें इस पूरे कार्य की निरंतर मॉनिटरिंग करेंगी। जल निगम के अभियंताओं ने बताया कि यदि कहीं पाइपलाइन फटती है तो पूरे वार्ड या आसपास के वार्डों (मॉडल टाउन, जनकपुरी, आवास विकास) की सप्लाई बाधित नहीं होगी। जल निगम के अफसरों ने कहा कि अगर कार्य में देरी हुई तो संबंधित कंपनी पर 15 से 20 लाख रुपये का जुर्माना डाला जाएगा।

लीकेज प्वाइंट की पहचान कर संबंधित हिस्से को बंद किया जाएगा और मरम्मत के दौरान शेष वार्ड में आपूर्ति सुचारू रहेगी। जल निगम के एई प्रदीप कुमार, जेई मोहम्मद अहसन, जलकल महाप्रबंधक मनोज कुमार आर्य, सहायक अभियंता अजीत सिंह, जेई सुमित कुमार, प्रियंका कटिहार, कृष्ण स्वरूप सक्सेना आदि मौजूद रहे।



बैठक में मौजूद पार्षद, जल निगम के अभियंता व अन्य। ● अमृत विचार


- वार्ड 23 में हुई बैठक में अधिकारियों ने स्थानीय नागरिकों को बताई कार्य की रूपरेखा
- बोले-इंदिरा नगर में 24 घंटे मिलेगा शुद्ध पानी, कंपनी की सुस्ती पर लगेगा बड़ा जुर्माना

# बिजली बाधित होने से लोग झेल रहे परेशानी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** शहर के विभिन्न इलाकों में बिजली आपूर्ति से जुड़ी समस्याएं कम होने का नाम नहीं ले रहीं। अलग-अलग सब-स्टेशनों से जुड़े क्षेत्र में में पोल से खराबी, एक फेज गायब होना और आंशिक विद्युत आपूर्ति जैसी समस्याएं प्रमुख रहीं। गणेश नगर, मथुरापुर, कटघर किला, गुलाब नगर और श्यामगंज समेत कई क्षेत्रों में लोगों को घंटों परेशानियों का सामना करना पड़ा।

मथुरापुर और श्यामगंज क्षेत्रों में एक फेज न आने की समस्या रही, जिससे कई घरों और दुकानों में बिजली आपूर्ति बाधित रही। वहीं, कुछ स्थानों पर ट्रांसफार्मर असंतुलन और जली हुई लीड बदलने का काम भी किया गया, जिसके चलते लाइन स्टॉप लेना पड़ा। इससे दुर्गा नगर पावर हाउस क्षेत्र में भी अस्थायी बाधा उत्पन्न हुई। साउथ सिटी करगैना क्षेत्र में एक उपभोक्ता ने केबल से घर में करंट आने की शिकायत दर्ज कराई। इसके अलावा कई इलाकों में पोल से लाइट खराब होने की समस्याएं सामने आईं।



फाल्ट ठीक करता कर्मचारी।

### साढ़े छह घंटे की जाएगी बिजली कटौती

**बरेली, अमृत विचार :** अधिशासी अभियंता राजवीर सिंह ने बताया कि विद्युत उपकेंद्र सदर कैंट पर नई 11 केवी वीसीबी को स्थापित कराने के चलते सदर बाजार, बीआई बाजार, वीरांगना चौक आदि क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति गुरुवार को पूर्वाह्न 11 बजे से दोपहर दो बजे तक बाधित रहेगी। इसी तरह इज्जतनगर उपकेंद्र की 33 केवी लाइन की रिकंडक्टरिंग का कार्य कराया जाएगा। इस कारण इज्जतनगर उपकेंद्र से संबंधित क्षेत्र गोपालनगर, जेल रोड, आईडब्लूपी आदि की विद्युत आपूर्ति सुबह 10.30 बजे से शाम पांच बजे तक पूर्ण या आंशिक रूप से प्रभावित रहेगी।

# नई स्थानांतरण नीति से मची खलबली

**बरेली, अमृत विचारः** राज्य सरकार की नई स्थानांतरण नीति लागू होते ही लोक निर्माण विभाग और नगर निगम में प्रशासनिक हलचल तेज हो गई है। उन कर्मचारियों की पहचान की जा रही है जो एक ही पटल या स्थान पर लंबे समय से कुंडली मारकर बैठे हैं। विशेष रूप से सहायक लेखाधिकारी, सहायक अभियंता और अवर अभियंता जैसे पदों पर तैनात वे कर्मचारी रडार पर हैं, जो सात से आठ साल से एक ही जगह जमे हुए हैं और अब नई नीति के दायरे में आ रहे हैं।

नई नीति के अनुसार, एक ही जिले में तीन साल और एक ही मंडल में सात साल की सेवा पूरी करने वाले कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से चिन्हित किया जा रहा है। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने बताया कि वर्तमान में डेटा संकलन और सत्यापन का कार्य किया जा रहा है। रिपोर्ट तैयार होने के बाद पटल परिवर्तन किया जाएगा, जबकि मंडल और शासन स्तर के तबादलों का निर्णय उच्चाधिकारियों की ओर से लिया जाएगा। पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन भगत सिंह ने बताया कि पूरी प्रक्रिया को मेरिट आधारित ऑनलाइन सिस्टम के जरिए संचालित किया जा रहा है।

**तैयारी** — कई बार टेंडर निकालने के बाद भी एजेंसियों के मनमाने रेट के कारण लिया फैसला

# निगम खुद संभालेगा स्काईवॉक- कम्युनिटी सेंटर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** स्काईवॉक व संजय कम्युनिटी सरोवर के संचालन को लेकर नगर निगम ने अपनी रणनीति में बदलाव किया है। निजी एजेंसियों की मनमानी और ऊंची निविदा दरों के कारण लटकी इन दोनों परियोजनाओं को अब नगर निगम खुद चलाने की तैयारी कर रहा है। इस संबंध में निगम ने मंडलायुक्त को पत्र भेजा है।

स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत लगभग 11.33 करोड़ रुपये की लागत से पटेल चौक पर स्काईवॉक का निर्माण किया गया है। यहां चौकी चौराहा, बरेली कॉलेज रोड और चौपुला की ओर जाने वाले राहगीरों के लिए आवागमन सुगम होने के साथ-साथ 80 दुकानों के माध्यम से खान-पान और खरीदारी की विशेष सुविधा मिलेगी। मंडलायुक्त भूपेंद्र एस. चौधरी ने राजस्व वृद्धि पर विशेष जोर देते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि परियोजनाओं के लिए नए सिरे से 'रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल' (आएफपी) तैयार किया जाए, जिसमें धनराशि और नियम पहले से स्पष्ट हों। यदि एजेंसियां नियमों के दायरे में नहीं आती हैं, तो नगर निगम अपनी टीम के जरिए इसे सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करेगा। अधिकारियों का कहना है इस विषय पर वरिष्ठ अफसरों के साथ अंतिम दौर का मंथन जारी है। दावा है निजी ठेकेदारों के हाथों में खेलने के बजाय खुद संचालन करने से नगर निगम के खजाने में भी सीधे राजस्व की बढ़ोतरी होगी।



> स्मार्ट सिटी की इन महत्वपूर्ण परियोजनाओं को लेकर नगर निगम बेहद गंभीर है। निजी एजेंसियों की ओर से निविदा में मनमानी दरों के कारण राजस्व का नुकसान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसीलिए अब निगम ने खुद संचालन की दिशा में कदम बढ़ाए हैं। मंडलायुक्त से हरी झंडी मिलते ही स्काईवॉक और सरोवर परिसर को सुव्यवस्थित ढंग से चालू कर दिया जाएगा।
>
> **संजीव कुमार मौर्य**, सीईओ, स्मार्ट सिटी

# टीम के पहुंचने से पहले हटवा दिया अतिक्रमण



अतिक्रमण हटवाने पहुंची नगर निगम की टीम। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार :** वार्ड-44 में पार्षद की शिकायत पर बुधवार को नगर निगम की टीम जब मुन्ना कबाड़ी की ओर से सड़क, पटरी और शौचालय पर किए गए अतिक्रमण को हटाने पहुंची तो नजारा बदला हुआ था। वरिष्ठ प्रभारी अतिक्रमण मयंक यादव, प्रभारी प्रवर्तन दल और आरआई सच्चिदानंद सिंह की टीम कमांडो दस्ते के साथ जैसे ही मौके पर पहुंची, वहां से सारा सामान और मोटरसाइकिलें पहले ही गायब मिलीं। टीम के पहुंचने से पहले ही सामान हटा लिया गया। हालांकि, टीम ने सख्त हिदायत दी है कि दोबारा कब्जा होने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# अम्बा हैल्थ क्लीनिक



डॉ.आर.एस.सिंह
B.A.M.S.
(आयुर्वेदाचार्य)
स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ

30 वर्षो से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त

ISO.9001:2015 Certify
Tredmark Clinic



- पतले-दुबले
- गाल पिचके
- कमजोर स्त्री-पुरुष
- मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए

परामर्श लें।


**चिकित्सा जानकारी**

भूख न लगना, अपच, कब्ज, गैस बनना, खाने के बाद शौचालय जाना, बच्चों का शारीरिक विकास न होना, पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना, बच्चों का बिस्तर गीला करना, मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना, कील-मुंहासे, झाइयां, सफेद दागों व सावलापन हटाना, सुन्दर दिखाना, बालों का समय से पहले झड़ना, टूटना, सफेद होना एवं गंजापन होना, खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।

**किसी भी प्रकार का नशा जैसे**
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा बीड़ी, सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।

**स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं**

- स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी होना
- हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
- इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
- वीर्य में शुक्राणु का कम होना
- ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
- यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
- मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना



वैवाहिक जीवन को सफल बनायें अविकसित सीना को सुडौल आकर्षक बनायें

Sexually Transmitted Bacterial Disease

सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें

गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें

डॉ. साहब
आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारंटी नहीं दे सकते

मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक

दिनांक :-
10 मई 2026, रविवार
24 मई 2026, रविवार

निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली

9837069463
7599211076


# सुरक्षा की फिक्र... महिला ट्रेनर बिना नहीं चलेंगे जिम

- राज्य महिला आयोग की सदस्य ने डीएम से मिलकर दिए निर्देश
- ब्यूटी पार्लर और टेलरिंग सेंटर पर भी महिला स्टाफ अनिवार्य

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** जनपद में संचालित फिटनेस सेंटरों को लेकर अब सख्ती बढ़ने वाली है। राज्य महिला आयोग की सदस्य पुष्पा पांडे ने जिलाधिकारी से मुलाकात कर स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन जिम में महिलाएं प्रशिक्षण ले रही हैं, वहां महिला प्रशिक्षक का होना अनिवार्य किया जाए। बिना महिला ट्रेनर के किसी भी फिटनेस सेंटर को संचालित नहीं किया जा सकता।

उन्होंने कहा कि सभी जिमों की तत्काल जांच कराई जाए। जिम के बाहर मालिक और कोच का नाम स्पष्ट रूप से लिखा हो। जिम में किसी भी प्रकार की दवाइयों की बिक्री प्रतिबंधित हो। यदि कोई मेडिकल सप्लीमेंट बेचा जाता है, तो स्वास्थ्य विभाग से वैध अनुमति अनिवार्य होगी। उन्होंने निर्देश दिए कि ब्यूटी पार्लर, टेलरिंग सेंटर और अन्य महिला संबंधित प्रतिष्ठानों में भी महिला स्टाफ की नियुक्ति सुनिश्चित की जाए।

बिना महिला स्टाफ के ऐसे सेंटरों का संचालन नहीं किया जा सकता। डीएम ने कहा कि एक सप्ताह के भीतर सभी जिम, पार्लर और संबंधित संस्थानों की सूची थाना स्तर पर तैयार कर ली जाएगी और उसका रिकॉर्ड भी देखा जाएगा। यह सूची महिला आयोग को भी उपलब्ध कराई जाएगी। पुष्पा पांडे ने मढ़ीनाथ क्षेत्र में हुई शारदा यादव की हत्या के मामले में पीड़ित परिवार से मुलाकात की। उन्होंने आश्वासन दिया कि मामले की निष्पक्ष और गंभीर जांच होगी।

## महिलाओं को बनाया जा रहा निशाना, जिम संचालकों व ट्रेनरों का हो सत्यापन

बरेली, अमृत विचार : जिम में महिला सुरक्षा को लेकर अखिल भारत हिंदू महासभा ने बुधवार को डीएम को ज्ञापन सौंपा। जिम संचालकों व ट्रेनरों के पुलिस सत्यापन की मांग की। ज्ञापन में कहा है कि कुछ जिम में महिलाओं को निशाना बनाकर आपराधिक घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है। हाल ही में एक जिम से जुड़े मामले का जिक्र करते हुए बताया गया कि वर्कआउट ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर दुष्कर्म की घटना सामने आई। वहीं, मिनी बाईपास स्थित एक अन्य जिम में महिला के परिजनों के साथ मारपीट की गई। पदाधिकारियों ने कहा कि ऐसी घटनाओं से महिलाओं और युवतियों में डर का माहौल बन रहा है। कई पीड़िताएं सामाजिक कारणों से सामने नहीं आ पातीं, जिससे कई मामले दबे रह जाते हैं। सभी जिम संचालकों और ट्रेनरों का पुलिस सत्यापन कराया जाए। जिम में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं, महिला सुरक्षा के लिए विशेष निगरानी अभियान चलाया जाए। शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित हो। ऐसे मामलों दोषियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएं। ज्ञापन देने वालों में मंडल अध्यक्ष दीपक पाठक, छोटेलाल साहू, नंदकिशोर, मुकेश सागर, गौरव महाजन, विशाल सक्सेना, रजत पटेल आदि शामिल रहे।



डीएम को ज्ञापन देने जाते अखिल भारत हिंदू महासभा के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

# पत्नी को जिंदा जलाने वाले पति को उम्रकैद

**विधि संवाददाता, बरेली:** नवाबगंज के ग्राम चैना में दहेज की खातिर पत्नी को तेल छिड़ककर आग के हवाले करने वाले आरोपी पति विनोद कुमार को अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

अपर सत्र न्यायाधीश (कोर्ट-9) अविनाश कुमार सिंह ने आरोपी पर 15 हजार का जुर्माना भी लगाया। सरकारी वकील हरेंद्र राठौर के अनुसार, मृतका सत्यवती के भाई संजीव ने 2 मई 2022 को हुई इस घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शादी के 10 साल बाद भी आरोपी बहन को दहेज के लिए प्रताड़ित करता था और बुआ के लड़के की शादी में जाने के विवाद पर उसे जिंदा जला दिया गया।

## गंभीर चोट पहुंचाने में चार को सात वर्ष की कैद

विधि संवाददाता, बरेली : भोजीपुरा के ग्राम बिलवा में 5 वर्ष पूर्व एक महिला पर जानलेवा हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल करने के मामले में अदालत ने कड़ा फैसला सुनाया है। अपर सिविल जज (सी.डी.) प्रथम सुव्रत पाठक ने आरोपी दीपक और तीन सगे भाइयों सुमित, राजेश व भीमा को दोषी करार देते हुए प्रत्येक को 7-7 वर्ष के कारावास और 23,200 रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। वादी संतोष के अनुसार, 31 जनवरी 2021 को इन मुल्जिमों ने घर में घुसकर गाली-गलौज और ईंट-पत्थरों से हमला किया था। इस हमले में उसकी भाभी की बाईं आंख की रोशनी चली गई और सुनने की शक्ति भी प्रभावित हुई।

# दरभंगा से पंजाब ले जाए जा रहे 10 किशोरों को किया रेस्क्यू

## मानव तस्करी की सूचना पर जीआरपी और सामाजिक संस्था ने चलाया अभियान

- पंजाब की फैक्ट्री में काम कराने के लिए ले जा रहे थे किशोर आरोपी हाथ नहीं आया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बिहार के दरभंगा से पंजाब ले जाए जा रहे 10 किशोरों को मानव तस्करी की सूचना पर जीआरपी व काशी समाज शिक्षा विकास संस्थान की टीम ने जन नायक एक्सप्रेस से रेस्क्यू किया। जबकि किशोरों को लेकर जाने वाला आरोपी फरार हो गया। जीआरपी उसकी तलाश में जुटी है।

दरअसल, बुधवार को जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रेन दिल्ली को एक अज्ञात नंबर से सूचना मिली कि जन नायक एक्सप्रेस ट्रेन में दो दर्जन बच्चों को मानव तस्करी के लिए लेकर जाया जा रहा है। इस पर जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रेन दिल्ली में बदायूं की स्थानीय संस्था काशी समाज शिक्षा विकास संस्थान को अलर्ट किया गया। जानकारी मिलते ही संस्था की सचिव मीना सिंह ने जीआरपी को सूचना देकर अपनी टीम के साथ बरेली जंक्शन पहुंचीं। जहां ट्रेन में सर्च अभियान चलाया गया और बच्चों को सुरक्षित निकाला गया। हालांकि, रेस्क्यू के बाद बच्चों को सुरक्षित ठिकाने तक पहुंचाने में संस्था के लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। देर शाम तक वे बच्चों के साथ इधर-उधर भटकते रहे, लेकिन उन्हें तत्काल कोई संस्थागत सहयोग नहीं मिल सका।

संस्था ने आरोप लगाया कि संबंधित विभाग चाइल्ड लाइन और डीपीओ से बात करने के बाद भी अपेक्षित सहयोग नहीं मिला। इस कारण वह बच्चों के साथ देर शाम तक इधर-उधर मेडिकल कराने के बाद भटकती रहीं। जीआरपी थाना प्रभारी एसके वर्मा ने बताया कि संस्था के माध्यम से बच्चों के विषय में जानकारी मिली थी। ट्रेन में सर्च अभियान चला कर बच्चों को बरामद कर लिया गया। बच्चों को लेकर जा रहे युवक की तलाश की जा रही है।



किशोरों को रेस्क्यू करने वाली टीम। ● अमृत विचार

## संस्था ने अपेक्षित सहयोग न मिलने का लगाया आरोप

काशी समाज शिक्षा विकास संस्थान बदायूं की सचिव मीना सिंह ने बताया कि सूचना मिलने पर जीआरपी थाने में सूचना देकर वह टीम के साथ मौके पर पहुंचीं। जहां पर जीआरपी ने सर्च अभियान चलाकर बच्चों को बरामद कर लिया। उन्होंने आरोप लगाया कि चाइल्ड लाइन को सूचना दी गई, उसके बाद उसने एक बीमार महिला कर्मी को भेज दिया। जिससे कोई मदद नहीं मिल पाई। इतना ही नहीं डीपीओ कार्यालय से भी उन्हें को सहयोग नहीं मिला। जिसके कारण रेस्क्यू के बाद बच्चों के पुनर्वास के लिए काफी समस्याओं का सामना करना पड़ा।

# युवक की आत्महत्या के बाद बवाल में 17 नामजद

- मारपीट व पथराव में दोनों पक्षों के कई लोग घायल, जांच शुरू
- 4 मई को विषाक्त पदार्थ के सेवन से युवक की हो गई थी मौत

कार्यालय सवांददाता, बरेली

**अमृत विचार:** युवक के आतम्हत्या करने और अंतिम संस्कार के दौरान विवाद -पथराव मामले में दोनों पक्षों की तहरीर पर थाना बारादरी पुलिस ने 17 नामजद व कई अज्ञात लोगों पर एफआईआर दर्ज कर ली है। घटना में कई लोग घायल हुए थे, जिनमें एक के सिर में गंभीर चोट आई थी।

सम्राट अशोक नगर निवासी दिलीप कुमार की विषाक्त पदार्थ के सेवन से 4 मई को मौत हो गई थी। 5 मई को पोस्टमार्टम के बाद जब शव घर पहुंचा और अंतिम संस्कार की प्रक्रिया चल रही थी, तभी दिलीप की पत्नी मुस्कान पक्ष और परिजनों में विवाद हो गया।

मामला गाली-गलौज से मारपीट और पथराव तक पहुंच गया। एक पक्ष की ओर से शैलेन्द्र ने आरोप लगाया कि मुस्कान के परिजन मनोज, नीरज, साहिल, बृंदा, अरुण कुमार, सौरभ समेत अन्य ने गाली-गलौज कर मारपीट की, जिसमें उसके बहनोई राकेश के सिर में गंभीर चोट आई। वहीं दूसरे पक्ष के साहिल ने तहरीर में आरोप लगाया कि शैलेन्द्र, सीमा, सुलोचना, वेदपाल, रामपाल, तेजपाल, सचिन, कमल, बंटी, विनीत कौशल समेत अन्य लोगों ने हमला किया और ईंट-पत्थर फेंके, जिससे कई लोग घायल हो गए। मुस्कान और उसके दो माह के बच्चे की जान को खतरा है।

थाना बारादरी पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर शैलेंद्र पक्ष से मनोज, नीरज, साहिल, बृन्दा, अरुण कुमार, सौरभ दूसरे पक्ष के साहिल की तहरीर पर शैलेंद्र सीमा, मामा वेदपाल, रामपाल, तेजपाल, ममेरे भाई सचिन, कमल, बन्टू, मौसेरे भाई विनीत और कौशल समेत कई अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# फोटो वायरल करने की धमकी देकर संबंध बनाने का बनाया दबाव

**बरेली, अमृत विचार :** लोन दिलाने के नाम पर युवक ने महिला से नजदीकी बढ़ाई। उसने उसके फोटो ले लिए। अब आरोपी फोटो वायरल करने की धमकी देकर महिला पर संबंध बनाने का दबाव बना रहा है। शिकायत पर सीबीगंज पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

फतेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने बताया कि उसकी ओएलएक्स एप के माध्यम से रोहित सक्सेना से जान पहचान हो गई। आरोप है कि रोहित ने लोन दिलाने के नाम पर उससे जान पहचान बढ़ाई। उसके बाद धोखाधड़ी कर लोन का पैसा बताकर उसके खाते में 25 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। उसके बाद आरोपी ने अपने साथ उसके फोटो ले लिए। फोटो वायरल करने का आरोप लगाकर आरोपी उसे मिलने के लिए बुलाने लगा। मना करने पर फोटो वायरल करने की धमकी देकर संबंध बनाने का दबाव बनाने लगा। पुलिस ने इज्जतनगर थाना क्षेत्र के रामेश्वर कॉलोनी निवासी रोहित सक्सेना के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# महिला से छेड़छाड़ व रंगदारी मांगने का आरोपी गिरफ्तार

**बरेली, अमृत विचार:** महिला से छेड़छाड़ करने और रंगदारी मांगने वाले भाजपा नेता को प्रेमनगर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

प्रेमनगर थाने में एक महिला ने मंगलवार को तहरीर दी कि ईशान सक्सेना निवासी कर्मचारी नगर उसे जान से मारने की धमकी देकर रंगदारी मांगता है और छेड़छाड़ करता है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके उसकी तलाश शुरू कर दी। प्रेमनगर पुलिस ने बुधवार को कुदेशिया पुल के नीचे से उसे पकड़ लिया। आरोपी ने बताया कि वह महिला को 2018 से जानता है। वह दवा का काम करता है महिला अपने बेटे की दवा लेने आती थी तभी से ही वह उसे पसंद करने लगा। 30 अप्रैल को महिला अपने बेटे को छोड़कर आ रही थी तभी रास्ते में उसने महिला के आगे गाड़ी लगा दी थी। आरोपी ने अपनी गलती स्वीकारी है। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

# रोडवेज वर्कशॉप की दीवार ढही, कार चकनाचूर, युवक घायल

- सुबह करीब सात बजे ईसाइयों की पुलिया से कटरा चांद खां जाने वाले मार्ग पर हुआ हादसा
- वर्षों पुरानी दीवार हो चुकी थी खोखली, पुलिस ने खुलवाया रास्ता, एक बाइक भी क्षतिग्रस्त

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** सेटेलाइट बस अड्डे के पास रीजनल वर्कशॉप की जर्जर दीवार भरभरा कर सड़क पर गिर गई। हादसे में वहां से गुजर रही एक कार मलबे के नीचे दबकर चकनाचूर हो गई। एक रिक्शा चालक गंभीर घायल हो गया। एक बाइक भी क्षतिग्रस्त हुई है। रिक्शा चालक को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

सेटेलाइट बस अड्डा से लगा हुआ बरेली, रुहेलखंड डिपो के साथ ही रीजनल वर्कशॉप है। इसकी दीवार काफी समय से जर्जर थी। ईसाइयों की पुलिया से कटरा चांद खां जाने वाले मार्ग पर सिंधु नगर कॉलोनी के सामने आठ मीटर लंबी दीवार पिछले कई दिनों से सड़क की ओर झुकी हुई थी और बड़े खतरे की चेतावनी दे रही थी। इस बाबत रोडवेज के जिम्मेदार अधिकारियों को सूचना भी दी गई, लेकिन नजरअंदाज कर दिया। बुधवार सुबह 7 बजे दीवार भरभराकर ढह गई। दीवार के मलबे से दबकर वहां खड़ी कार क्षतिग्रस्त हो गई। रिक्शा चालक छोटेलाल भी चपेट में आकर घायल हो गया। लोगों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। दीवार गिरने की सूचना पर पुलिस ने पहुंचकर जेसीबी से मलबा हटवाकर आवागमन सुचारू कराया। वहीं, आरएम दीपक चौधरी, बरेली और रुहेलखंड डिपो के एआरएम आदि अफसरों ने भी मौका मुआयना किया। एआरएम बरेली डिपो संजीव श्रीवास्तव ने बताया कि दीवार काफी पुरानी थी। विभाग में जानकारी की गई तो बताया गया कि दीवारों को बनवाने के लिए डिमांड मुख्यालय भेजी गई है। बजट न मिलने की वजह से इस काम नहीं शुरू हो सका। महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दिनेश दद्दा एडवोकेट ने आरोप लगाया कि दीवार की अधिकारियों ने सुधि नहीं ली। उन्होंने प्रशासन से जांच कर जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।



रोडवेज वर्कशाप की दीवार गिरने से क्षतिग्रस्त हुई कार। ● अमृत विचार

## घायलों का हाल जानने अस्पताल पहुंचे सपाई

बरेली, अमृत विचार : रोडवजे वर्कशॉप की दीवार गिरने से घायल रिक्शा चालक और सरदार नगर टंकी हादसे के घायलों से मिलने जिलाध्यक्ष शुभलेश यादव और महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधिमंडल सिद्धिविनायक अस्पताल पहुंचा। उन्होंने समुचित उपचार व उचित मुआवजे की मांग की। इस दौरान नेताओं ने अस्पताल में भर्ती क्षत्रिय महासभा अध्यक्ष भुवनेश्वर सिंह की कुशलक्षेम भी पूछी। इंजीनियर अनीस अहमद, कदीर अहमद, हैदर अली और भारती चौहान प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# फर्जी आईएएस बहनों के खिलाफ ठगी की एक और रिपोर्ट दर्ज

**बरेली, अमृत विचार:** फर्जी आईएएस बन लोगों से ठगी करने वाली विप्रा शर्मा, उसकी बहन दीक्षा शर्मा के खिलाफ पांच लाख की ठगी की एक और रिपोर्ट बारादरी थाने में दर्ज की गई है।

गौरतलब है कि बारादरी पुलिस ने पिछले दिनों सरकारी नौकरी के नाम पर ठगी के रैकेट का खुलासा किया था। आरोपियों विप्रा शर्मा, दीक्षा शर्मा के पास से 4.5 लाख रुपये नकद, उत्तर प्रदेश सरकार लिखी एक कार, चार मोबाइल फोन और चेक बुक बरामद की थी। उनके बैंक खातों में जमा 55 लाख रुपये भी फ्रीज कर दिए गए गए थे। अब इन बहनों के खिलाफ एक और रिपोर्ट दर्ज की गई है। सुभाषनगर थाना क्षेत्र के मढ़ीनाथ रोड नेकपुर निवासी प्रशांत पाल ने बताया कि शिखा शर्मा और विप्रा शर्मा ने उसे सरकारी नौकरी का लालच देकर पांच लाख रुपये की ठगी कर ली। पीड़ित ने बताया कि दोनों बहनों ने उसे विश्वास दिलाने के लिए ज्वाइनिंग लेटर डाक द्वारा भेजकर पांच लाख रुपये नगद और ऑनलाइन ले लिए।

# सुरंग बनाकर चोरी करने वाले तीन बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार

- दो आरोपियों के पैर में लगी गोली जिला अस्पताल में कराया गया भर्ती

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** सीबीगंज क्षेत्र में सुरंग बनाकर गोदाम से तांबा चोरी करने वाले तीन बदमाशों को सीबीगंज पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। दो बदमाश पुलिस की गोली लगने से घायल हुए हैं। इनके पास से चोरी का तांबा और नकदी बरामद की गई।

28 अप्रैल को सिविल लाइंस भटनागर कॉलोनी की रहने वाली शिवानी जैन की सीबीगंज स्थित फर्म पद्मावती एसोसिएट के परिसर की दीवार के पास सुरंग बनाकर चोर करीब 2 टन कॉपर स्क्रैप चोरी कर ले गए थे। चोरी किए गए तांबे की कीमत करीब 20 लाख बताई गई। शिवानी की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू की। बुधवार तड़के पुलिस ने झुमका तिराहे पर बदमाशों की घेराबंदी की। इस बीच एक संदिग्ध ई-रिक्शा को रोकने का प्रयास किया गया तो ई-रिक्शा सवार भागने लगे। ई-रिक्शा बेकाबू होकर कच्चे रास्ते पर पलट गया। खुद को घिरता देख ई-रिक्शा सवार बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में निजाम और अब्दुल समी पुलिस की गोली से घायल हो गया। इसके अलावा मोहम्मद खालिद को भी गिरफ्तार किया गया। तीनों आरोपी महेशपुर, थाना सीबीगंज के रहने वाले हैं। तीनों के पास से एक ई-रिक्शा और पद्मावती एसोसिएट फर्म से चोरी किया गया 65 किलोग्राम तांबे का तार भी बरामद किया गया है। घायल दोनों बदमाशों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। सीओ सेकेंड अंजनी कुमार तिवारी ने बताया कि चोरी करने वाले तीन आरोपी मुठभेड़ में पकड़े गए है।



मुठभेड़ में घायल बदमाशों को ले जाती पुलिस। ● अमृत विचार

## बाजार में महिला के बैग से 22 हजार रुपये चोरी

**बरेली, अमृत विचार :** सीबीगंज थाना क्षेत्र के मथुरापुर की रहने वाली हिमांशी मिश्रा ने बताया कि 23 अप्रैल को वह खरीदारी के लिए कुतुबखाना बड़ा बाजार आई थी। इसी बीस किसी ने उसके बैग की चेन खोलकर 22 हजार रुपये, आधार, पेन कार्ड के अलावा एटीएम और क्रेडिट कार्ड के साथ अन्य दस्तावेज निकाल लिए। युवती की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।


**BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY**
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road,
Bareilly-243006 (UP) India, Phone : 0581-2526051, 053, 153
Email : registrar@biu.edu.in, Website : www.biu.edu.in
For any query contact : 9520876189, 9105500202, 9105500404

**Applications are invited for Admission to Ph.D. Programmes July 2026 session in the following disciplines**

- Faculty of Medical Sciences
  (All Clinical and Non-Clinical Specialities)
- Faculty of Pharmacy
- Faculty of Dental Sciences
  (All Specialities)
- Faculty of Management

**Application Fee**
- For Indian Candidate Rs. 2000/-
- NRI/Foreign National Candidate Rs. 5000/- or $60 USD

**Last Date of Receiving Application : 30th May, 2026**

Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.) India
For more details and application form & application fee, visit university website : www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/reseach/Latest-Application-form-for-PHD-programme.pdf)

## सिटी ब्रीफ

### पोल बना मकान के निर्माण में बाधा



बरेली, अमृत विचार : राजनगर में पोल मकान के निर्माण में बाधा बना हुआ है। राजनगर निवासी रिंकू ने बताया कि उसने बिजली विभाग के अधिकारियों से कई बार संपर्क किया। इस पोल पर मौजूदा समय में कोई लाइन भी नहीं है।

### दसवां- तेरहवीं के लिए गैस सिलेंडर की मांग

बरेली, अमृत विचार : सुभाषनगर निवासी विपिन शर्मा ने पिता के दसवां व तेरहवीं के लिए डीएम से गैस सिलेंडर उपलब्ध कराने की गुहार लगाई है।

## बरेली परिक्षेत्र में जीपीएस से नापे जाएंगे गन्ने के खेत, 30 जून तक पूरा होगा डिजिटल डेटा

# ऑनलाइन घोषणा पत्र में चूके तो किसान नहीं बेच पाएंगे गन्ना

- उपायुक्त गन्ना बोले- सर्वे से तीन दिन पहले किसान को मिलेगी टीम की लोकेशन और नंबर

कार्यालय संवाददाता, बरेली



**अमृत विचार:** गन्ना किसानों के लिए पेराई सत्र 2026-27 की राह अब पूरी तरह डिजिटल होने जा रही है। बरेली परिक्षेत्र के उप गन्ना आयुक्त राजेश मिश्र ने कहा कि सर्वे प्रक्रिया में शामिल होने के लिए प्रत्येक किसान को ''स्मार्ट गन्ना किसान'' पोर्टल पर अपना ऑनलाइन घोषणा-पत्र भरना अनिवार्य होगा। यदि कोई किसान निर्धारित समय सीमा के भीतर घोषणा-पत्र पोर्टल पर अपलोड नहीं करता है, तो उसका गन्ना सट्टा निरस्त कर दिया जाएगा। लापरवाही बरतने वाले किसान इस बार मिलों में अपना गन्ना नहीं बेच पाएंगे।

उप गन्ना आयुक्त ने बताया कि सर्वेक्षण को पारदर्शी बनाने के लिए इस बार जीपीएस तकनीक का सहारा लिया जा रहा है। किसानों की सुविधा और पारदर्शिता के लिए नई व्यवस्था के तहत सर्वे टीम की गुपचुप आमद नहीं होगी। टीम के गांव पहुंचने से 72 घंटे पहले किसान के रजिस्टर्ड मोबाइल पर संदेश भेजा जाएगा। इस संदेश में सर्वे टीम के इंचार्ज का नाम, मोबाइल नंबर और तारीख दर्ज होगी। सर्वे के दौरान राजकीय गन्ना पर्यवेक्षक और चीनी मिल प्रतिनिधि के साथ संबंधित किसान की खेत पर मौजूदगी अनिवार्य की गई है, ताकि रकबे और फसल की किस्म को लेकर कोई विवाद न रहे। यह पूरी सर्वेक्षण प्रक्रिया 30 जून तक संपन्न कर ली जाएगी। सर्वे के बाद तैयार होने वाले ''कम्प्यूटरीकृत गश्ती केन रजिस्टर' के प्रत्येक पृष्ठ पर सर्वे टीम के हस्ताक्षर होंगे, जिससे डेटा की शुद्धता सुनिश्चित की जा सके। अंतिम चरण में चीनी मिल के महाप्रबंधक (गन्ना) और ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक संयुक्त रूप से आंकड़ों को लॉक करेंगे। किसान से अपील की वे किसी भी तकनीकी समस्या के समाधान के लिए स्मार्ट गन्ना किसान ऐप का उपयोग करें और समय रहते अपना ऑनलाइन घोषणा-पत्र भर दें। साफ कहा कि इस बार एक छोटी सी तकनीकी चूक साल भर की मेहनत पर पानी फेर सकती है।

# फाइल गायब हुई तो बाबू की सर्विस बुक जब्त

- एसएस इंटरप्राइजेज की फाइल दबाना निर्माण विभाग के कर्मचारी को पड़ा भारी
- नगर आयुक्त ने समीक्षा के दौरान भरी मीटिंग में लगाई बाबू की जमकर क्लास

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** नगर निगम में फाइल गुम होने के पुराने खेल पर नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने कड़ा रुख अपनाया है। एसएस इंटरप्राइजेज से जुड़ी एक महत्वपूर्ण फाइल न मिलने का मामला बुधवार को समीक्षा बैठक में सामने आने पर संबंधित पटल के बाबू को कड़ी फटकार लगाई। प्राथमिक जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि फाइल जानबूझकर दबाई गई।

नगर आयुक्त ने लापरवाह कर्मचारी की सर्विस बुक जमा कराने के साथ ही मुख्य अभियंता मनीष अवस्थी को बाबू की वार्षिक वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए। चेतावनी दी कि जनता या फर्मों के कार्यों में जानबूझकर अड़ंगा लगाने या फाइलों को गायब करने की प्रवृत्ति कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निलंबन की कार्रवाई भी की जा सकती है।

# समय पर चुनाव कराओ या प्रधानों को प्रशासक बनाओ

## प्रधान संगठन की बैठक में ग्राम पंचायतों के कार्यकाल पर हुई चर्चा

- कहा-9 मई को जिला स्तर पर ज्ञापन, 20 मई को राजधानी में होगा बड़ा शक्ति प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, बरेली



बैठक में मौजूद ग्राम प्रधान, ब्लाक अध्यक्ष व अन्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** अखिल भारतीय प्रधान संगठन की बैठक बुधवार को जिला अध्यक्ष सुधीश पाण्डेय और ब्लॉक प्रमुख संघ के अध्यक्ष यशवंत सिंह के नेतृत्व में की गई। बैठक में जिले के सभी ब्लॉक अध्यक्षों और जनप्रतिनिधियों ने एकजुट होकर ग्राम पंचायतों पर चर्चा की।

बैठक का मुख्य मुद्दा उत्तर प्रदेश में ग्राम पंचायतों के कार्यकाल की समाप्ति और आगामी चुनावों को लेकर रहा। संगठन ने स्पष्ट किया कि यदि सरकार 26 मई 2026 को कार्यकाल समाप्त होने पर समय से चुनाव कराने में सक्षम नहीं है, तो अगले कार्यकाल की शुरुआत तक वर्तमान ग्राम प्रधानों को ही प्रशासक के रूप में नियुक्त किया जाए। प्रधानों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर विचार नहीं किया गया तो 20 मई को पूरे प्रदेश के ग्राम प्रधान लखनऊ के रमाबाई पार्क में महासम्मेलन करेंगे। जिला अध्यक्ष सुधीश पाण्डेय ने कहा कि 9 मई को सुबह 10 बजे अपनी मांगों को लेकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपेंगे।

बैठक में जिला प्रभारी सुर्भीक गंगवार सहित फरीदपुर, भदपुरा, भुता, नवाबगंज, दमखोदा, मीरगंज, फतेहगंज पश्चिमी, रामनगर और आलमपुर जाफराबाद के ब्लॉक अध्यक्षों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए संगठन की मजबूती पर जोर दिया। ओमवीर गुर्जर, रामप्रताप, बुद्ध पाल, लाल बहादुर, डोरी लाल, सोनू कुर्मी, अनुज प्रताप सिंह, राजवीर सिंह, रामावतार आदि मौजूद रहे।

## बिजली समस्याओं का किया निदान

बरेली, अमृत विचार : मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश के नेतृत्व में बुधवार को 'विद्युत विभाग आपके द्वार' अभियान के अंतर्गत किला, नवाबगंज, रिठौरा, फरीदपुर, इज्जतनगर, बिशारतगंज, देवरनियां और बहेड़ी सहित विभिन्न क्षेत्रों में मेगा कैंप का आयोजन हुआ। नेगेटिव बैलेंस, स्मार्ट प्रीपेड मीटर रिचार्ज, मोबाइल नंबर अपडेट समेत अन्य शिकायतों का निस्तारण किया गया। उपभोक्ताओं को यूपीपीसीएल स्मार्ट एप डाउनलोड कराकर स्मार्ट मीटर रिचार्ज करने एवं बैलेंस देखने की प्रक्रिया का लाइव प्रशिक्षण भी दिया गया। स्मार्ट मीटर संबंधी शिकायतों की जांच कर निस्तारित किया गया।

# गोवंश को लू से बचाएं, हरे चारे का रखें इंतजाम

- मंडलीय समीक्षा बैठक में अपर निदेशक पशु पालन ने दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, बरेली



अफसरों के साथ बैठक करते निदेशक पशु पालन डॉ . संजय श्रीवास्तव।

**अमृत विचार :** निराश्रित गोवंश संरक्षण को लेकर प्रशासन सख्त हो गया है। बुधवार को विकास भवन सभागार में आयोजित मंडली समीक्षा बैठक में गो आश्रय स्थलों के संचालन, चारा व्यवस्था और निगरानी को लेकर निर्देश दिए गए।

अध्यक्षता करते हुए अपर निदेशक पशु पालन एवं नोडल अधिकारी डॉ. संजय श्रीवास्तव ने गो-आश्रय स्थलों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि गोवंश के भरण-पोषण के लिए फंड रिक्वेस्ट समय से पोर्टल पर अपलोड की जाए, ताकि भुगतान में किसी प्रकार की देरी न हो। उन्होंने मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के अंतर्गत लाभार्थियों के सत्यापन को समयबद्ध पूरा करने और कुपोषित परिवारों को योजना से जोड़ने के निर्देश दिए। नोडल अधिकारी ने चारा विकास नीति के तहत चारागाह भूमि पर नेपियर घास उत्पादन को बढ़ावा देने, कब्जा मुक्त कराकर हरा चारा बोने और पौधरोपण कराने पर जोर दिया। सभी गो आश्रय स्थलों में सीसीटीवी कैमरे लगाने और जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित करने के निर्देश दिए गए। गर्मी और संभावित सूखे को देखते हुए भूसा, हरा चारा और पशु आहार की पर्याप्त व्यवस्था करने को कहा गया। गोशालाओं में गोवंश को लू से बचाव के पर्याप्त इंतजाम करने के निर्देश दिए गए। नोडल अधिकारी ने प्रत्येक जनपद में भूसा बैंक स्थापित कर सालभर के लिए भूसा संग्रह करने, दानदाताओं से सहयोग लेने और भूसा भंडारण स्थलों पर सूचना बोर्ड लगाने को कहा।

# कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण व अनुशासन पर दिया जोर



बैठक में सांसद छत्रपाल गंगवार, राकेश मिश्रा व अन्य जन प्रतिनिधि। ● अमृत विचार

- भाजपा जिला कार्यसमिति की बैठक में संगठन मजबूती पर चर्चा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यसमिति की बैठक में संगठन विस्तार, बूथ स्तर पर पार्टी की मजबूती और जनसंपर्क अभियानों को प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया।

मुख्य अतिथि ब्रज क्षेत्र के महामंत्री राकेश मिश्रा ने कहा कि बदलते राजनीतिक परिदृश्य में कार्यकर्ताओं का निरंतर प्रशिक्षण, अनुशासन और सक्रियता बेहद आवश्यक है। प्रशिक्षित कार्यकर्ता ही पार्टी की नीतियों और योजनाओं को प्रभावी ढंग से जनता तक पहुंचा सकते हैं। जिला अध्यक्ष सोमपाल शर्मा ने बताया कि 8 मई को सभी मंडलों की कार्यसमिति बैठकें की जाएंगी। पदाधिकारियों को मंडलों का प्रवासी बनाया गया है, जो वहां जाकर कार्यसमिति और बूथ समितियों का भौतिक सत्यापन करेंगे। मासिक बैठक हर माह 1 से 7 तारीख के बीच और बूथ स्तर की बैठकें हर माह के अंतिम रविवार को अनिवार्य रूप से हों। सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार, विधायक डॉ. डीसी वर्मा, डॉ. एमपी आर्य, एमएलसी बहोरन लाल मौर्य, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, पूर्व जिला अध्यक्ष पवन शर्मा सहित जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बांस-बेंत शिल्प को पहचान दिलाने वाले नत्थू हुसैन का निधन

बरेली, अमृत विचार : बांस-बेंत शिल्प को नई पहचान दिलाने वाले नत्थू हुसैन का बुधवार सुबह उनके पैतृक गांव तिलियापुर में निधन हो गया। पिछले करीब 30 वर्षों से वह इस पारंपरिक उद्योग से जुड़े रहे और अपनी कला से इसे राष्ट्रीय स्तर तक पहचान दिलाई।



नत्थू हुसैन।

वस्त्र मंत्रालय के तत्वावधान में करीब पांच हजार हस्तशिल्पियों को इस कार्य से जोड़ा । मथुरापुर में कॉमन फैसिलिटी सेंटर की स्थापना भी कराई। डीआरडीए, जिला उद्योग केंद्र, सरस मेले और विभिन्न हस्तशिल्प प्रदर्शनियों में भागीदारी रहती थी। सरस मेलों के प्रभारी सलमान जमीर ने बताया कि सहायक निदेशक पुलकित जैन और पूर्व सहायक निदेशक इलियास खान सहित तमाम लागों ने श्रद्धांजलि दी।

# सपा की मजबूती पर की गई चर्चा

- पार्टी कार्यालय पर मासिक बैठक में महानगर अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश
- पार्टी को बूथ स्तर पर मजबूत करने में जुटें पदाधिकारी : सुभलेश यादव

कार्यालय संवाददाता, बरेली





बैठक को संबोधित करते जिलाध्यक्ष सुभलेश यादव। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक में बंगाल चुनाव और पार्टी को मजबूत करने पर चर्चा की गई।

महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी ने कहा कि पश्चिम बंगाल में केंद्रीय बलों के माध्यम से मतदाताओं को डराकर नतीजे छीने गए हैं, लेकिन यूपी में भाजपा की दाल गलने वाली नहीं है। आरोप लगाया कि भाजपा जैसे दल से ईमानदारी की उम्मीद करना व्यर्थ है, इसलिए कार्यकर्ताओं को अब और अधिक सतर्क होकर अपने-अपने बूथों की रक्षा करनी होगी।

जिलाध्यक्ष शुभलेश यादव ने कहा प्रत्येक पदाधिकारी रोजाना मात्र चार घंटे ईमानदारी से पार्टी के लिए काम करे, तो हमें कोई नहीं हरा पाएगा। उन्होंने नगर निगम के पार्षदों और वार्ड अध्यक्षों के सक्रिय होने पर जोर दिया ताकि बूथ स्तर पर टीम को मजबूत किया जा सके। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य इंजी. अनीस अहमद ने वोट बचाने और नए वोट बनवाने को लक्ष्य बताया। राजेश अग्रवाल और डॉ. अनीस बेग ने जनता के हितों की लड़ाई लड़ने और कैंपों के माध्यम से नए मतदाता जोड़कर 2027 में सत्ता में आने का संकल्प दोहराया।

महानगर महासचिव पंडित दीपक शर्मा,पूर्व महानगर अध्यक्ष कदीर अहमद, महानगर उपाध्यक्ष दिनेश यादव, राजेश मौर्या, अनुज गंगवार, अशोक यादव, गौरव सक्सेना, अनिल जौहरी, भारती चौहान, हैप्पी यादव, सीमा श्रीवास्तव, नीरज गुप्ता, सुनील सागर, अमित गिहार, अविनाश मिश्रा, इश्तियाक सकलेनी, महेन्द्र विक्रम, जावेद गद्दी, कुलदीप राणा, सतेंद्र यादव, वरुण गिहार आदि मौजूद रहे।


# BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY

विद्याफलम् परोपकाराय

## Accreditations, Affiliations & Approvals

ज्ञान-विज्ञान विमुक्तये University Granta Commission of India · Medical Council of India · Dental Council of India · Pharmacy Council of India · Indian Nursing Council · Uttar Pradesh Nursing & Midwives Council · Association of Indian Universities · Where there is rural well being there is University Prosperity · Uttar Pradesh State Medical Faculty

## ADMISSION OPEN FOR FOLLOWING COURSES SESSION 2026-27
## CUET(UG/PG)-2026 Score Accepted

### ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 01 | Diploma- Medical lab Technician (DMLT) | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 02 | Diploma X-Ray Technician | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 03 | Diploma Radiology Technology | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 04 | M.Sc. Medical Anatomy | MBBS, BDS, BAMS B.Sc. Nursing, B.Sc. Optom, B.Pharma, BPT, B.Sc. MLT, B.sc(Bio sc.) | 3 Year |
| 05 | M.Sc. Medical Biochemistry | | 3 Year |
| 06 | M.Sc. Medical Microbiology | | 3 Year |
| 07 | M.Sc. in Medical Pharmacology | | 3 Year |
| 08 | M.Sc. in Medical Physiology | | 3 Year |

### INSTITUTE OF DENTAL SCIENCES

| | | | |
|---|---|---|---|
| 09 | Diploma in Dental Hygenist | 10+2 (PCB) | 2 Year |
| 10 | Diploma in Dental Mechanics | 10+2 (PCB) | 2 Year |

### BIU COLLEGE OF PHARMACY/ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY/ KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 11 | D.Pharm/Diploma in Pharmacy | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 12 | B.Pharm/Bachelor of Pharmacy | 10+2(PCB/PCM) | 4 Year |
| 13 | M.Pharm (Pharmaceutical Chem) | B.Pharm | 2 Year |
| 14 | M.Pharm (Pharmaceutics) | B.Pharm | 2 Year |
| 15 | M.Pharm (Pharmacology) | B.Pharm | 2 Year |
| 16 | M.Pharm (Pharmacognosy) | B.Pharm | 2 Year |

### FACULTY OF ALLIED & HEALTHCARE SCIENCES (PARAMEDICAL)

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 17 | Certification in Sanitation | 10+2(PCB/PCM) | 1 Year |
| 18 | Diploma in Medical Lab Technician (DMLT) | 10+2(PCB/PCM) | 4 Year |
| 19 | Diploma in X-Ray Technician | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 20 | Diploma in Dialysis Technician | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 21 | Diploma in Emergency & Trauma Care | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 22 | Diploma in MRI Technician | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 23 | Diploma in Radiotherapy Technology | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 24 | Bachelor of Physiotherapy (BPT) | 10+2(PCB | 5 Year |
| 25 | Bachelor Operation Theater Technician (BOTT) | 10+2(PCB/PCM)) | 4 Year |
| 26 | Bachelor of Medical Radiology & Imaging Technology (BMRIT) | 10+2(PCB) | 4 Year |
| 27 | B.Sc. in Medical Laboratory Technician (BMLT/BMLS) | 10+2(PCB) | 4 Year |
| 28 | B.Sc. in Optometry (B. Optom) | 10+2(PCB/PCM) | 5 Year |
| 29 | M.Sc. in Clinical Embryology | UG (Relevant Discipline) | 2 Year |
| 30 | Master of Physiotherapy (MPT) | UG (Relevant Discipline) | 2 Year |
| 31 | Master in Medical Laboratory Sciences (MMLS) | UG (Relevant Discipline) | 2 Year |

### ROHILKHAND SCHOOL OF NURING/ROHILKHAND COLLEGE OF NURSING

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 32 | B.Sc. Nursing | 10+2 (PCB) | 4 Year |
| 33 | Post Basic B.Sc. Nursing | GNM | 2 Year |
| 34 | Nurse Practitioner in Critical Care (NPCC) (Post Graduate Residency Progam) | B.Sc. Nursing/Post Basic B.Sc. Nursing* | 2 Year |
| 35 | M.Sc. Nursing in Medical Surgical Nursing | B.Sc. Nursing/ Post Basic B.Sc. Nursing* | 2 Year |
| 36 | M.Sc. Nursing in Obsteric & Gynaecological Nursing | | 2 Year |
| 37 | M.Sc. Nursing in Child Health Nursing | | 2 Year |
| 38 | M.Sc. Nursing in Mental Health Nursing | | 2 Year |
| 39 | M.Sc. Nursing in Community Health Nursing | | 2 Year |
| 40 | GNM | 10+2 with English | 3 Year |
| 41 | ANM | 10+2 | 2 Year |

### BIU COLLEGE OF MANGEMENT/HUMANITIES & JOURNALISM

| | | | |
|---|---|---|---|
| 42 | BBA | 10+2 in any Stream | 3 Year |
| 43 | BBA (H) Finance & Taxation | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 44 | BBA (H) Business Intelligence & Data Analytics | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 45 | B. Com (Honors) | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 46 | BCA | 10+2 in any Stream | 3 Year |
| 47 | BCA (H) Information Technology & Multimedia | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 48 | BCA (H) Artificial Intelligence & Data Science | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 49 | BCA (H) Artificial Intelligence & Machine Lear. | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 50 | BA (Journalism/Mass Communication) | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 51 | BJMC (H) Bachelor of Journalism & Mass Communication | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 52 | BMM (H) Bachelor of Mass Media | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 53 | MJMC Master of Journalism & Mass Comm. | UG Any Stream | 2 Year |
| 54 | MHA (Master in Hospital Administration) | UG Any Stream | 2 Year |
| 55 | MPH (Master in Public Health) | UG Any Stream | 2 Year |
| 56 | MBA | UG Any Stream | 2 Year |
| 57 | MCA | UG Any Stream | 3 Year |
| 58 | M. Com | UG Any Stream | 2 Year |
| 59 | MA (Political Science) | UG Any Stream | 2 Year |
| 60 | MA (Journalism) | UG Any Stream | 2 Year |
| 61 | MA (Mass Communication) | UG Any Stream | 2 Year |
| 62 | MA (English) | UG Any Stream | 2 Year |
| 63 | MA (Psychology) | UG Any Stream | 2 Year |
| 64 | MA (Sociology) | UG Any Stream | 2 Year |

### FACULTY OF FORENSIC SCIENCES

| | | | |
|---|---|---|---|
| 65 | B.Sc. Forensic Sciences | 10+2 (PCM/PCB) | 3 Year |
| 66 | M.Sc Forensic Science | UG (Relevant Discipline) | 2 Year |

### FACULTY OF FINE ARTS

| | | | |
|---|---|---|---|
| 67 | Certificate in Photography | 10 Pass | 1 Year |
| 68 | Certificate in Cinematography | 10 Pass | 1 Year |
| 69 | Diploma in Cinematography (DIC) | 10 Pass | 2 Year |
| 70 | Diploma in Photography (DIP) | 10 Pass | 2 Year |
| 71 | Bachelor of Fine Arts (Film Making) | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 72 | Bachelor of Fine Arts (Photography) | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 73 | Master of Fine Arts (Photography) | UG Fine Arts | 2 Year |

Contact For More Information: 9105500202, 9105500404, Ph.: 0581-2526153

Add.: Admission Cell, Administrative Block, Bareilly International University, Rohilkhand Medical College Campus, Bareilly - 243006 (U.P.)

Website : www.biu.edu.in, E-mail : admission@biu.edu.in

## सिटी ब्रीफ

### कविता ने पावर लिफ्टिंग में जीता सिल्वर मेडल



**बरेली, अमृत विचार :** बरेली की कविता ने गोरखपुर में आयोजित राज्य स्तरीय पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग 57 किलोग्राम भार में सिल्वर मेडल जीता। कविता वर्तमान में व्यास वर्ल्ड स्कूल में खेल शिक्षिका हैं। उन्होंने अपनी जीत का श्रेय अपने कोच ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज मेडलिस्ट प्रणय कुमार को दिया। प्रणय कुमार राजकीय इंटर कॉलेज में शिक्षक हैं।

### श्री शनिदेव मंदिर में भागवत कथा शनिवार से

**बरेली, अमृत विचार :** नाथ सेवा ट्रस्ट नाथ नगरी की ओर से बदायूं रोड स्थित श्री शनिदेव मंदिर में शनिवार से श्री शनिदेव प्राकट्योत्सव पर श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। कथा व्यास अतुलेश्वर सनाढ्य भक्तों को भागवत कथा का रसपान कराएंगे। 16 मई को समापन के बाद भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

# युवाओं को राष्ट्र के निर्माण में भागीदारी के लिए किया प्रेरित

## विश्वविद्यालय में रोहिलखंड यूथ पार्लियामेंट में युवाओं ने राष्ट्रीय मुद्दों पर रखे विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली



रोहिलखंड यूथ पार्लियामेंट में शामिल बड़ी संख्या में प्रतिभागी। • अमृत विचार

**अमृत विचार:** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय के प्रबंधन संकाय में रोहिलखंड यूथ पार्लियामेंट 2026 का आयोजन हुआ, जिसमें युवाओं ने राष्ट्रीय मुद्दों पर विचार रखें। युवाओं को लोकतांत्रिक मंच प्रदान कर उन्हें राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया गया।

प्रो. एसबी सिंह ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम पीएम-उषा के अंतर्गत विकसित भारत 2047: सशक्त युवा, सशक्त भारत थीम पर आधारित रहा। मुख्य अतिथि वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने युवाओं को पर्यावरण संरक्षण और जिम्मेदार नागरिकता के प्रति जागरूक किया। संयोजक प्रो. (डॉ.) तुलिका सक्सेना ने कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं में नेतृत्व क्षमता, तार्किक सोच और संवाद कौशल को विकसित करने का बेहतर माध्यम हैं। निर्णायक मंडल में बरेली कॉलेज की उपप्राचार्य प्रो. वंदना शर्मा, प्रो. अमित सिंह और प्रो. वीके गुप्ता शामिल रहे।

- उत्कृष्ट विचार रखने वाले प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित

प्रतियोगिता में गौरी श्रीवास्तव, वैष्णवी श्रीवास्तव, अनामथा जावेद, लक्ष्मी गुप्ता, विनायक शर्मा, अनुराग सिंह, एशिता नायर, यश पाराशरी और देवव्रत अर्गवंशी को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। संचालन वैशाली विश्वकर्मा, पुष्पेंद्र मौर्य, नेहा कथेरिया, अदिति सक्सेना, अलामीन नकवी व वैशाली विश्वकर्मा की भूमिका रही। यूथ पार्लियामेंट के स्पीकर के रूप में मोहम्मद इनाम खान ने कार्यवाही का संचालन किया। अतिथि वक्ता प्रो. आलोक श्रीवास्तव, डॉ. विनय खंडेलवाल, हरीश कुमार, संजीव कुमार रहे। इस दौरान डीएसडब्ल्यू डॉ. पीबी सिंह, प्रो. संजय मिश्रा, डॉ. सौरभ वर्मा आदि मौजूद रहे।




वनमंत्री डॉ. अरुण कुमार का सम्मान करते शिक्षक। • अमृत विचार

## रुविवि ने सेमेस्टर परीक्षा के फॉर्म भरने की तिथि बढ़ाई

**बरेली, अमृत विचार:** महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने सम सेमेस्टर परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि बढ़ाते हुए छात्रों के लिए राहत दी।

विश्वविद्यालय ने बीए, बीएससी, बीकॉम सहित विभिन्न स्नातक, परास्नातक एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के द्वितीय सेमेस्टर सहित अन्य सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन फॉर्म बुधवार से भरने शुरु हो गए है। परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार सिंह ने बताया कि अभ्यर्थी 10 मई तक ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भरकर निर्धारित शुल्क जमा कर सकते हैं। इसके बाद अभ्यर्थियों को भरे गए आवेदन पत्रों को 11 मई तक संबंधित महाविद्यालय में जमा करना होगा। वहीं, महाविद्यालयों को 12 मई तक इन फॉर्मों का ऑनलाइन अनुमोदन करना अनिवार्य होगा। आवेदन प्रक्रिया विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट और ऑनलाइन परीक्षा पोर्टल के माध्यम से पूरी की जाएगी। छात्र-छात्राएं डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड और नेट बैंकिंग के जरिए परीक्षा शुल्क जमा कर सकेंगे।

## नई सोच, नए सरोकार

### छात्रों ने अमृत विचार को दैनिक जीवन में निरंतर अपनाने का लिया संकल्प



सैदपुर हॉकिन्स कंपोजिट विद्यालय

**बरेली:** सैदपुर हॉकिन्स के कंपोजिट विद्यालय में बुधवार को अमृत विचार की टीम के सुमित शर्मा और संदीप सिंह ने छात्र जीवन में अखबार का महत्व को बताया। उन्होंने कहा कि अखबार से सामान्य ज्ञान बढ़ता है और उपयोगी जानकारियां प्राप्त होती हैं जो भविष्य निर्माण में सहायता करती हैं। छात्र-छात्राओं ने खबरों के संकलन और प्रकाशन आदि के विषय में जानकारी ली। मधु समेत छात्र छात्राओं ने अमृत विचार पढ़ा। आलिया, आर्यन, साफिया, अल्तमश, मो. फैज, रेहान आदि ने अखबार को अपने दैनिक जीवन में निरंतर अपनाने का संकल्प लिया। नीलम गंगवार, सुनयना शर्मा, सारिका सक्सेना, ऊषा देवी, करुणा सिंह, ममता देवी आदि अध्यापिकाओं ने भी लेखों, फीचर पेज, और खबरों की सराहना की और छात्र छात्राओं को रोज स्कूल में अखबार पढ़ाने का आश्वासन दिया।

> अखबार का दैनिक पठन करने से समसामयिक और ज्ञानोपयोगी जानकारी प्राप्त होती है। जो छात्र-छात्राओं को रोजगार को प्राप्त करने में सराहनीय भूमिका का निर्वहन भी करती है।
>
> **प्रवेश कुमारी**, प्रधानाध्यापक



**अगर आप भी जुड़ना चाहते हैं इस मुहिम से तो संपर्क करें - editorschoice@amritvichar.com**

# प्रोजेक्ट सक्षम के तहत रोटरी क्लब ने विद्यालय में लगवाए पंखे व यूपीएस

कार्यालय संवाददाता, बरेली




पंखे और यूपीएस लेकर पहुंचे रोटरी क्लब ऑफ बरेली के सदस्य। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** रोटरी क्लब ऑफ बरेली ने बुधवार को प्रोजेक्ट सक्षम के तहत आलमगीरीगंज स्थित पंडित श्यामाचरण सरस्वती शिशु मंदिर में पंखे एवं यूपीएस लगवाए। क्लब अध्यक्ष डॉ. मनीष शर्मा ने बताया कि रोटरी क्लब शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय भूमिका निभा रहा है। प्रोजेक्ट सक्षम के माध्यम से क्लब का लक्ष्य विद्यालयों में बुनियादी एवं तकनीकी सुविधाओं को सुदृढ़ करना है। इससे छात्र-छात्राएं बिना किसी असुविधा के अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित कर सकें। लैंग्वेज लैब और डिजिटल लाइब्रेरी स्थापित करने की भी घोषणा की गयी।

डिस्ट्रिक्ट गवर्नर राजेन विद्यार्थी ने कहा कि विद्या के लिए दिया गया दान परम दान है। रोटरी क्लब का प्रयास शिक्षा के प्रति सकारात्मक माहौल तैयार करना है। जिससे बच्चों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके। संचालन प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर अंकित अग्रवाल ने किया। सचिव शेखर यादव ने आभार जताया। मोहन गुप्ता, नरेश मलिक, गोविंद सक्सेना, नीरज प्रधान, शुभम अग्रवाल, विपिन गर्ग, विद्यालय के प्रबंधक रोशन अग्रवाल, प्रधानाचार्य अरविंद कुमार सक्सेना मौजूद रहे।

## बिजली कनेक्शन काटे जाने को लेकर ग्रामीण धरने पर

**बरेली, अमृत विचार :** सीबीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम घुसा में बिजली विभाग की कार्रवाई को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। 1.80 लाख रुपये की कथित मांग और कनेक्शन काटे जाने से नाराज ग्रामीण ने गांववासियों के साथ धरना शुरू कर दिया है।

शिकायतकर्ता शकील खां ने बिजली अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया था कि चेकिंग के दौरान उसके भाई के खिलाफ कार्रवाई के बाद कर्मचारियों ने उससे भी 1.80 लाख रुपये की मांग की। रकम न देने पर उसका चक्की का कनेक्शन काट दिया, जबकि उसके ऊपर कोई बकाया नहीं था। बुधवार को शकील खां ने ग्रामीणों के साथ धरना शुरू कर दिया। उनका कहना है कि जब तक कनेक्शन बहाल नहीं किया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

# रोहिलखंड कॉलेज ऑफ नर्सिंग के दो शिक्षकों को राष्ट्रीय फैकल्टी अवॉर्ड से किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के रोहिलखंड कॉलेज ऑफ नर्सिंग के दो शिक्षकों को वर्ष 2025-26 के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया है। सहायक प्राध्यापक दीपक कुमार सैम्पसन को बेस्ट सीनियर फैकल्टी अवॉर्ड और शिखा सिंह को सर्वश्रेष्ठ युवा संकाय पुरस्कार प्रदान किया गया। यह सम्मान पुडुचेरी में आयोजित नोवेल रिसर्च एकेडमी के राष्ट्रीय फैकल्टी अवॉर्ड समारोह में दिया गया।

दीपक कुमार सैम्पसन को नर्सिंग शिक्षा में उत्कृष्ट योगदान, नवाचारपूर्ण शिक्षण और विद्यार्थियों के मार्गदर्शन के लिए यह सम्मान मिला। उनके प्रयासों से छात्रों को प्रेरणा मिलने के साथ स्वास्थ्य शिक्षा की गुणवत्ता भी बेहतर हुई है। शिखा सिंह को नर्सिंग शिक्षा, शोध गतिविधियों और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में योगदान के लिए सर्वश्रेष्ठ युवा संकाय पुरस्कार से नवाजा गया। संस्था की ओर से जारी प्रशस्ति पत्र में उनके शैक्षणिक कार्यों की सराहना की गई है। महाविद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. प्रियंका ए मसीह ने दोनों शिक्षकों की उपलब्धि पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि यह सम्मान संस्थान की शैक्षणिक उत्कृष्टता को दर्शाता है। समारोह में देशभर के शिक्षाविदों को सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर सहकर्मियों और विद्यार्थियों ने खुशी जताते हुए दोनों शिक्षकों को बधाई दी।

- दीपक कुमार सैम्पसन को बेस्ट सीनियर फैकल्टी व शिखा सिंह को सर्वश्रेष्ठ युवा संकाय पुरस्कार दिया गया



राष्ट्रीय फैकल्टी अवॉर्ड से सम्मानित किए गए शिक्षक। • अमृत विचार

# डीआईजी ने संवेदनशील स्थानों पर बेहतर पुलिसिंग के दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** पुलिस उपमहानिरीक्षक अजय कुमार साहनी ने बुधवार को रिजर्व पुलिस लाइन और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय का वार्षिक निरीक्षण किया। पुलिसकर्मियों के टर्नआउट की जांच कर आवश्यक निर्देश दिए गए।

उन्होंने निरीक्षण में शस्त्रागार, एमटी शाखा, फील्ड यूनिट व घुड़साल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। डॉग स्क्वॉड ने खोजी प्रदर्शन किया, वहीं अग्निशमन टीम के रिस्पॉन्स टाइम का परीक्षण कर सुधार के निर्देश दिए गए। डीआईजी ने यूपी-112 वाहनों, कंट्रोल रूम (सीसीआर/डीसीआर) की कार्यप्रणाली, कॉल रिस्पॉन्स टाइम और लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए संवेदनशील स्थानों पर प्रभावी पुलिसिंग के निर्देश दिए। पुलिस लाइन की बैरकों, मेस व साफ-सफाई व्यवस्था भी देखी। परिवहन शाखा व यातायात कार्यालय का निरीक्षण कर वाहनों की स्थिति, कैदियों के सुरक्षित परिवहन और ड्यूटी व्यवस्था का आकलन किया गया। डीआईजी ने पुलिस पेंशनर्स की समस्याएं सुनीं और समाधान के निर्देश दिए। एसएसपी समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

- पुलिस लाइन व एसएसपी कार्यालय का निरीक्षण कर देखीं व्यवस्थाएं

# शिक्षकों के नए समायोजन की मांग

कार्यालय संवाददाता, बरेली


**अमृत विचार:** प्राथमिक शिक्षकों के समायोजन को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष नरेश गंगवार ने 'समायोजन 3.0' निरस्त कर नए सिरे से 'समायोजन 3.1' लागू करने की मांग उठाई है। उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. विनीता सिंह को पत्र सौंपकर अपर मुख्य सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा के निर्देशों के अनुसार कार्यवाही करने की अपील की है।

दरअसल, सरकार का उद्देश्य सभी स्कूलों में पर्याप्त शिक्षक उपलब्ध कराकर बच्चों को बेहतर शिक्षा देना है। जिले के दूरस्थ ब्लॉकों में जहां शिक्षकों की भारी कमी है और कई स्कूल एकल या बंद स्थिति में हैं, वहीं शहर के आसपास के ब्लॉकों में शिक्षकों की अधिकता बनी हुई है। इसी असंतुलन को दूर करने के लिए पहले समायोजन 1 और समायोजन 2 लागू किए गए थे। इन दोनों चरणों में पारदर्शिता बनाए रखते हुए अतिरिक्त शिक्षकों को स्वेच्छा से विकल्प चुनने का अवसर दिया गया। लगभग 90 प्रतिशत शिक्षकों ने अपनी पसंद के अनुसार स्कूल चुने और जॉइन भी किया, जिससे ये दोनों चरण सफल माने गए। इसके बाद भी कई स्कूलों में शिक्षक नहीं पहुंच पाए। ऐसे में शासन ने समायोजन 3 लागू किया, लेकिन इस चरण में पारदर्शिता को लेकर सवाल उठे। आरोप है कि न तो अतिरिक्त शिक्षकों की सूची सार्वजनिक की गई और न ही रिक्त पदों की जानकारी साझा की गई। बिना विकल्प लिए शिक्षकों को सीधे स्कूल आवंटित कर दिए गए और आदेश उनके व्यक्तिगत नंबरों पर भेजे गए। नरेश गंगवार का कहना है कि 'समायोजन 3.0' से न तो शिक्षक संतुष्ट थे और न ही अधिकांश ने जॉइन किया। ऐसे में अब नए आदेश के तहत पारदर्शी और न्यायोचित तरीके से 'समायोजन 3.1' लागू किया जाए, ताकि शिक्षक और छात्र दोनों के हित सुरक्षित रह सकें।

- उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष ने दिया ज्ञापन
- समायोजन 3.0 से असंतुष्ट शिक्षकों ने ज्वाइन नहीं किया

## सिटी डायरी

### चौपुला-बदायूं रोड पर अंडरपास के लिए दिया ज्ञापन




**बरेली, अमृत विचार :** चौपुला-बदायूं रोड पर अंडरपास के लिए बुधवार को चौपुला बदायूं रोड रेल अंडरपास संघर्ष समिति ने मंडलायुक्त को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा है कि सुभाष नगर, मढ़ीनाथ व बदायूं रोड क्षेत्र की बढ़ती आबादी के चलते यातायात का दबाव लगातार बढ़ रहा है। अंडरपास बनने से करीब डेढ़ लाख लोगों को राहत मिलेगी। सुभाष नगर, मढ़ीनाथ व बदायूं रोड के निवासियों का आवागमन सुगम हो जाएगा।। समिति के संयोजक पार्षद राजेश अग्रवाल, डॉ. दीपांकर गुप्ता, गुलशन नंदा, अमर सिंह, रवि शर्मा, शिवनाथ चौबे, अरुण शर्मा, राजेश अग्रवाल, सचिन यादव, परविंदर सिंह होरा, मिथुन, तहसीम आदि मौजूद रहे।

### नीट की तैयारी के लिए ओमेगा क्लासेस में नए बैच 11 से



**बरेली, अमृत विचार :** नीट-2027 की तैयारी करने वाले छात्रों के लिए ओमेगा क्लासेस में नए बैच 11 और 20 मई से शुरू होंगे। ओमेगा क्लासेस के एमडी मो. कलीमुद्दीन ने बताया कि फाउंडेशन के साथ 10वीं, 11वीं और 12वीं के विद्यार्थियों के लिए अलग-अलग बैच संचालित किए जाएंगे। बताया कि फिजिक्स, केमिस्ट्री, बॉटनी और जूलॉजी विषयों की पढ़ाई अनुभवी शिक्षकों द्वारा कराई जाएगी। कोर्स पूरा होने के बाद नियमित टेस्ट सीरीज और रिवीजन भी कराया जाएगा, जिससे छात्रों की तैयारी मजबूत हो सके। हिंदी और इंग्लिश माध्यम के लिए अलग-अलग बैच रखे गए हैं। सीमित सीटों पर प्रवेश प्रक्रिया जारी है और छात्र अपने दस्तावेज जमा कर दाखिला ले सकते हैं।

### पशुपतिनाथ व मढ़ीनाथ ने जीते अंडर-12 क्रिकेट मैच




**बरेली, अमृत विचार :** कैंट स्थित रवींद्रनाथ टैगोर क्रिकेट अकादमी की ओर से अंडर-12 मिनी आईपीएल का आयोजन किया जा रहा है। बुधवार को प्रतियोगिता का पहला मैच पुशपतिनाथ वॉरियर्स और धोपेश्वरनाथ फाइटर के बीच हुआ। पशुपतिनाथ वॉरियर्स ने 20 ओवर में 87 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी धोपेश्वर की टीम 71 रन ही बना सकी। मैन ऑफ द मैच पशुपतिनाथ के अभी रहे। दूसरा मैच वनखंडीनाथ हीरोज और मढ़ीनाथ इलेवन के बीच हुआ। वनखंडी नाथ हीरोज ने 20 ओवरों में 109 रन का स्कोर खड़ा किया। मढ़ीनाथ इलेवन ने 15 .4 ओवर में 110 रन बनाकर 7 विकेट से मैच अपने नाम कर लिया। मैन ऑफ द मैच प्रशांत श्रीवास्तव रहे

### चौधरी अजीत सिंह की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि



**बरेली, अमृत विचार :** पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी अजीत सिंह की पुण्यतिथि के अवसर पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। रालोद के कैंप कार्यालय पर कार्यक्रम में मीरा चौधरी ने कहा कि वे एक सिद्धांतवादी नेता थे जिन्होंने सदैव जनहित को प्राथमिकता दी। जिला प्रवक्ता जितेंद्र मिश्रा ने उनके कृषि सुधारों और ग्रामीण विकास के प्रयासों को याद किया। जिलाध्यक्ष वाजिद हुसैन ने कहा कि चौधरी अजीत सिंह का जीवन कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा है। उन्हें किसानों और वंचित वर्गों की आवाज बताया। उन्होंने संगठन को मजबूत करने और उनके आदर्शों पर चलकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंचाने का आह्वान किया। अंत में संगठनात्मक चर्चा के दौरान खालिद खान को आंवला विधानसभा अध्यक्ष नियुक्त किया गया। साथ ही कार्यकर्ताओं ने उनके विचारों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में वसीम खान, अब्दुल मुजीब खान, महेश पाल बौद्ध, संगलता बौद्ध, अख्तर अली, फईम, सीमा कौर, वंदना भारती सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# राधेश्याम कथावाचक के रंगमंचीय योगदान से नई पीढ़ी होगी रूबरू

कार्यालय संवाददाता, बरेली



**अमृत विचार:** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय में स्थापित पंडित राधेश्याम कथावाचक शोधपीठ की गतिविधियों को लेकर बुधवार को विश्वविद्यालय में बैठक हुई। जिसमें शोधपीठ की नवनियुक्त समन्वयक प्रो. अनीता त्यागी ने अगले शैक्षणिक सत्र में शोधपीठ की ओर से आयोजित किए जाने वाले विभिन्न शैक्षणिक, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों पर चर्चा की।

शोधपीठ की गतिविधियों के संचालन के लिए प्रशिक्षण एवं नियोजन प्रकोष्ठ भवन आवंटित किया गया है। बैठक में पंडित राधेश्याम कथावाचक के साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं रंगमंचीय योगदान को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए नियमित अकादमिक गतिविधियां आयोजित करने पर जोर दिया गया।

पंडित राधेश्याम की पौत्री शारदा भार्गव की ओर से उपलब्ध कराया गया साहित्य एवं शोध सामग्री भी विद्यार्थियों और शोधार्थियों के अध्ययन एवं अनुसंधान के लिए उपलब्ध रहेगी। इसके साथ ही शोधपीठ में पंडित राधेश्याम कथावाचक की हस्तलिखित पुस्तकें और डॉ. हरिशंकर शर्मा की पंडित राधेश्याम कथावाचक पर लिखी तमाम पुस्तकें शोधपीठ में उपलब्ध रहेंगी। पंडित राधेश्याम कथावाचक की 62 वीं पुण्यतिथि को राज्य स्तरीय कार्यक्रम के रूप में आयोजित किया जाएगा। साहित्यकारों, शिक्षाविदों, शोधार्थियों एवं रंगकर्मियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। विशेष रूप से उनके द्वारा रचित नाटकों का मंचन एवं अभिनय प्रस्तुत किया जाएगा। शोधपीठ की ओर से राष्ट्रीय संगोष्ठी होगी, जिसमें देशभर के विद्वान पंडित राधेश्याम कथावाचक के साहित्य एवं रंगमंचीय योगदान पर विचार रखेंगे। शोधपीठ के सह समन्वयक डॉ. अजीत सिंह, डॉ. आभा त्रिवेदी एवं विभाग के अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

- शोधपीठ की बैठक में राज्य स्तरीय कार्यक्रमों की रूपरेखा तय
- हरिशंकर शर्मा की राधेश्याम पर लिखी पुस्तकें शोधपीठ में उपलब्ध होंगी

# भीम आर्मी का एसएसपी कार्यालय पर प्रदर्शन



एसएसपी कार्यालय पर प्रदर्शन करते भीम आर्मी कार्यकर्ता। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** भीम आर्मी को बदनाम करने की साजिश को लेकर बुधवार को कार्यकर्ताओं ने एसएसपी कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया।

पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि ताहिर को अवैध गतिविधियों के चलते संगठन से निष्कासित किया जा चुका है। वह अब भीम आर्मी की छवि खराब करने में जुटा है। द्वेष के चलते फर्जी ऑडियो तैयार कर वायरल कर दिया। इस ऑडियो में संगठन के पदाधिकारियों पर पैसे मांगने जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं। प्रदर्शन के दौरान ताहिर पर कार्रवाई की मांग की। प्रदेश महासचिव विकास बाबू एडवोकेट, मंडल अध्यक्ष सुशील कुमार गौतम, जिला अध्यक्ष महेंद्रपाल सागर, मंडल उपाध्यक्ष शंकर वाल्मीकि, जसविंदर सिंह, मंडल संगठन मंत्री जावेद खान, महानगर अध्यक्ष शिवम भारती, मीरगंज तहसील अध्यक्ष अंकित सागर, आंवला तहसील अध्यक्ष प्रभाकर जाटव, तहसील उपाध्यक्ष अंग्रेज सिंह सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

- संगठन को बदनाम करने का आरोप लगा कार्रवाई की मांग